# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 4 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com







## पंजाब में सोमवार को 132 नए कोरोना मरीज आए सामने, सबसे ज्यादा संगरूर में 52 और तरनतारन में 26 नए पाजीटिव केस

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

पंजाब में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी जारी है। आज सोमवार को 132 कोरोना के नए मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा मामले संगरूर में 52 मामले सामने आए हैं। वहीं तरनतारन में 26 नए पाजिटिव मिले है। अब तक पंजाब में कुल पाजिटिव की संख्या 1232 हो गई है। इसमें अमृतसर 218 के साथ टॉप पर हैं। गुरदासपुर में 6 नए केस सामने आए है जिसमें श्रद्धालुओं को लेने गई एक बस का चलक और गुरदासपुर का एक समाज सेवक युवक शामिल है। इससे पहले गुरदासपुर में 28 केस कोरोना के सामने आए थे पर अब 6 नए केस आने के मरीजों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है।



### संगरूर में 52 नए केस

संगरूर में कोरोना वयारस के 52 नए मामले सामने आने से हड़कंप मच गया है। जिसके बाद जिले में अब तक 62 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इस बारे में जानकारी देते हुए सिवल सर्जन राज कुमार ने बताया कि पिछले दिनों नांदे साहिब से आईं संगतें को अलग -अलग स्थानों पर एकांतवास किया हुआ था, जिन में से 154 के सैंपल भेजे गए थे और उस में से 52 की रिपोर्ट कोरोना संक्रमित पाई गई है। इन्हें में से 48 संगरूर और 4 पटियाला से ताल्लुक रखते हैं।

### जालंधर में सामने आए 4 मामले

जालंधर में कोरोना मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी जारी है। आज यहां चार नए केस सामने आए है जिसके बाद मरीजों की संख्या बढ़कर 128 हो गई है।

### मानसा में एक कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव

मानसा जिले में एक और महिला की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। बता दें कि दो दिन पहले नांदेड़ साहिब से लौटे 13 श्रद्धालुओं के सैंपल लिए गए थे जिसमें 12 लोगों की रिपोर्ट नेगिटिव पाई गई थी जबकि जिले के गांव ऊलक से संबंधित एक महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई थी। जिले में अब कोरोना पीड़तिों की गिनती 13 हो गई है, जिनमें 4 हजूर साहिब से लौटे श्रद्धालु है।

### चंडीगढ़ में पांच नए मामले आए सामने

चंडीगढ़ में कोरोना के पांच नए पॉजिटिव मामले सामने आए है। यहां मरीजों की संख्या 102 तक पहुंच गई है। पीड़ति पाए गए पांच मरीजों एक ही परिवार के है जो बापूधाम कॉलोनी के निवासी है। इससे पहले रविवार को संक्रमित मिले बाप-बेटे के संपर्क में आए कुल 22 लोगों को होम क्वारंटाइन किया गया है। वहीं, शनिवार देर रात बापूधाम के जिस 13 साल के किशोर में कोरोना की पुष्टि हुई थी। वहीं रविवार को शहर में कोरोना के कारण पहली मौत हुई थी। पंचकूला के अलकेमिस्ट अस्पताल में 82 वर्षीय महिला दर्शना देवी ने दम तोड़ दिया, वह महिला यहां पिछले 10 दिन से वेंटीलेटर पर थी।

### आतंकी हमले में सीआरपीएफ के तीन जवान फिर शहीद

**जम्मू कश्मीर :** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर हमला किया है। इस हमले में तीन जवान शहीद हो गए। इसके अलावा सात जवान घायल हुए हैं। सोमवार को हंदवाड़ा जिले के वनगाम इलाके में आतंकियों ने सीआरपीएफ के दल पर हमला किया। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। अभी मुठभेड़ जारी है। बता दें कि इससे पहले शनिवार को आतंकियों ने कुपवाड़ा जिले के चंजी मोहल्ला, हंदवाड़ा में एक घर में लोगों को बंधक बना लिया था। सेना और जेके पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। सेना के पांच और जेके पुलिस के एक जवान ने फंसे लोगों को निकालने के लिए उस घर में प्रवेश किया। सेना ने दो आतंकवादियों का सफाया कर दिया था। लेकिन इस दौरान दो सेना अधिकारी, सेना के दो जवान और जेके पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर शहीद हो गए।

## लॉकडाउन के तीसरे फेज में शराब की दुकानें खुलते ही लोगों की उमड़ी भीड़, सोशल डिस्टेंस की उड़ी धज्जियां

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

कोरोना वायरस की वजह से देश में लागू लॉकडाउन के तीसरे चरण में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कई छूट दी हैं जिनमें शराब भी एक है। शराब की दुकानें तीनों जोन (रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोन) में खुल सकेंगी। हालांकि, इस दौरान सरकार ने लोगों से सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने को कहा है। लेकिन देश में कई जगहों पर शराब की दुकानें दुकान खुलते ही पियक्कड़ों की भीड़ दुकानों में उमड़ पड़ी और यहां तक कि कोरोना वायरस के खतरे से भी लोग भी बेखबर नजर आए। हैरानी की बात तो यह है कि इन दुकानों में सुरक्षा को भी नजरअंदाज



किया गया। दिल्ली में भी सोमवार से शराब की दुकानों को खोलने की अनुमति दे दी गई है। इस दौरान केंद्र सरकार की तरफ से जारी गाइडलाइंस को ध्यान में रखा जाएगा। गृह मंत्रालय के नए दिशानिर्देशों के अनुसार, एक समय में अधिकतम पांच व्यक्तियों के साथ न्यूनतम छह फीट की सामाजिक दूरी सुनिश्चित करने के बाद शराब, पान और तंबाकू की बिक्री की अनुमति दी जा सकती है। ये दुकानें शहरी क्षेत्रों के बाजारों और मॉल में नहीं होने चाहिए।

### गिलगित-बाल्टिस्तान में चुनाव संबंधी पाक कोर्ट के आदेश पर भारत ने जताई आपत्ति, कहा भारत का अभिन्न अंग

**नई दिल्ली:** गिलगित-बाल्टिस्तान में चुनाव करवाए जाने सबंधी पाकिस्तान उच्चतम न्यायालय के आदेश पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है और एक बार फिर कहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान समेत लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है। विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा कि पाकिस्तान को उन सभी इलाकों को तुरंत खाली करना चाहिए जिन पर उसने अवैध कब्जा किया हुआ है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान को बता दिया गया है कि गिलगित-बाल्टिस्तान सहित पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं और पाकिस्तान को अपने अवैध कब्जे से इन क्षेत्रों को तुरंत मुक्त कर देना चाहिए।

## शेयर बाजार में कोहराम, निवेशकों के डूबे 5.83 लाख करोड़ रूपये

**डेली संवाद, मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार में आज करीब छह फीसदी की गिरावट से निवेशकों को 5.83 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। बीएसई का कुल बाजार पूँजीकरण पिछले कारोबारी दिवस की समाप्ति पर 1,29,41,620.82 करोड़ रुपये रहा था। आज सेंसेक्स के 2002 अंक लुढ़कने से बाजार पूँजीकरण घटकर 1,23,58,924.89 करोड़ रुपये रह गया जो एक सप्ताह का निचला स्तर है। इस प्रकार निवेशकों को 5,82,695.93 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। उल्लेखनीय है कि लॉकडाउन



दो सप्ताह और बढ़ाये जाने की सरकार की घोषणा के बाद सेंसेक्स आज 2,002.27 अंक यानी 5.94 प्रतिशत लुढ़ककर 31,715.35 अंक पर और निफ्टी 566.40 अंक यानी 5.74 प्रतिशत टूटकर 9,293.50 अंक पर बंद हुआ। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों का असर भी बाजार पर देखा गया।

## खबरें इधर भी

### धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में अर्नब गोस्वामी के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई:** महाराष्ट्र में मुंबई के उपनगरीय बांद्रा में स्थित एक धार्मिक स्थल को लेकर



अपमानजनक टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्नब गोस्वामी और न्यूज चैनल के दो अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि गोस्वामी ने 29 अप्रैल के अपने कार्यक्रम में यह टिप्पणी की थी जिसमें उन्होंने बांद्रा में बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिकों के इकट्ठा होने को अल्पसंख्यक समुदाय का षडयंत्र होने की तरफ इशारा किया था। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक स्थल के दृश्य दिखाये गये और उस समय गोस्वामी इस बात पर आश्चर्य जता रहे थे कि इसके सामने इतनी भीड़ क्यों एकत्रित हुई?

### भारतीय वैज्ञानिकों ने तैयार की पहली स्वदेशी कोविड-19 जांच किट

**कोलकाता :** केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) से संबद्ध जीसीसी बायोटेक (इंडिया) प्राइवेट



लिमिटेड कंपनी ने कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी पैदा करने वाले वायरस सार्स-कोव-2 के आरएनए (राइबो न्यूक्लिक एसिड) की जांच करने वाली किट तैयार की है। कंपनी के प्रवक्ता एवं अनुसंधान एवं विकास विभाग प्रमुख डॉ अविजीत घोष (अनुसंधान एवं विकास विभाग के प्रमुख) ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किट का नाम डीआईएजीस्योर एन कोव-19 रखा गया है। इस किट को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की ओर से मंजूरी भी मिल गयी है। यह किट संभवतः देश में कोविड-19 की जांच के लिए सबसे सस्ती किट है।

### यूपीएससी ने स्थगित की सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा

**नई दिल्ली :** 31 मई को आयोजित होने वाली यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2020 स्थगित कर दी गई है। नई तारीख की घोषणा नहीं की गई है। नया शेड्यूल




20 मई के बाद जारी किया जाएगा। इस परीक्षा के 31 मई के दिन होने पर संशय था। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पहले ही साफ कर दिया था कि वह 3 मई के बाद लॉकडाउन पर फैसले के बाद इस बारे में कोई घोषणा करेगा। अधिकारी ने यह भी बताया कि अभी प्रीलिम्स की नई तारीख पर कोई फैसला नहीं हुआ है। परिस्थितियों को देखते हुए बाद में इसकी घोषणा की जाएगी। यूपीएसई सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड पहले इसी हफ्ते जारी होने थे, लेकिन अब इस परीक्षा को ही स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा की नई तारीख की घोषणा के बाद एडमिट कार्ड के जारी होने की जानकारी दी जाएगी।

### यूके में शेव नहीं करने पर पांच सिख डॉक्टरों को ड्यूटी से हटाया

**लंदन :** कोरोना महामारी के खिलाफ जंग में उतरे पांच सिख डॉक्टरों से सिर्फ इसलिए अहम जिम्मेवारियां छीन ली गईं क्योंकि शेव करने का आदेश नहीं माना। दरअसल इन डॉक्टरों को आदेश दिया गया था कि कोरोना से जंग में सुरक्षा के लिहाज से आप शेव करके ड्यूटी करें लेकिन धार्मिक मर्यादाओं के कारण डॉक्टर ऐसा कदम नहीं उठा सकते थे। इसलिए इन सिख डॉक्टरों पर ये कार्रवाई की गई। इन डॉक्टरों को ड्यूटी से हटाने का मामला सिख डॉक्टर्स एसोसिएशन के पास पहुंचा है। शिकायत के मुताबिक एनएचएस के अस्पतालों में पांच सिख डॉक्टरों को सामान्य शिफ्ट से हटा दिया गया।



## Silver Lake ने 5655.75 करोड़ में खरीदी एक प्रतिशत की हिस्सेदारी

**डेली संवाद, मुंबई।** धनकुबेर मुकेश अंबानी के डिजिटल रिलायंस प्लेटफार्मस ने सोमवार को विश्व के अग्रणी प्रौद्योगिकी निवेशक सिल्वर लेक के साथ 5655.75 करोड़ रुपये निवेश का समझौता किया है। जियो ने करीब एक पखवाड़ा पहले ही विश्व की सोशल मीडिया की अग्रणी फेसबुक के साथ 9.99 प्रतिशत इक्विटी के लिए 43754 करोड़ रुपए की डील की थी।

सितंबर-2016 में दूरसंचार क्षेत्र में कदम रखने वाली जियो मात्र 44 माह में इस क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बन गई और उसके 38.75 करोड़ उपभोक्ता हैं। सिल्वर लेक 5655.75 करोड़ के निवेश से जियो में 1.15 प्रतिशत इक्विटी हासिल करेगी। फेसबुक की तुलना में सिल्वर लेक का निवेश 12.5 प्रतिशत प्रीमियम पर हुआ है। संभावना है कि आने वाले दिनों में जियो प्लेटफार्मस में और ऐसे रणनीतिक तथा वित्तीय सौदे होंगे। जियो ने आज कहा कि सिल्वर लेक का निवेश 4.90 लाख करोड़ रुपए के इक्विटी और 5.15 लाख करोड़ रुपये के एंटरप्राइज मूल्यांकन पर हुआ है। फेसबुक का जियो में निवेश 4.62 लाख करोड़ रुपये के एंटरप्राइज मूल्यांकन पर हुआ था।

### फ्लेमिंगो के पूर्व फुटबॉल स्टार लेको की कोरोना से मौत

**रियो डी जनेरियो :** मौजूदा ब्राजीलियन सेरी-ए लीग चैंपियन फ्लेमिंगो ने अपने पूर्व फुटसाल खिलाड़ी एलेक्स बरबोसा परेरा लेको को श्रद्धांजलि दी है, जिनकी कोविड-19 संक्रमित होने से मौत हो गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लेको के नाम से मशहूर परेरा को दो सप्ताह पहले ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेको के एक करीबी दोस्त मार्सेलो रोडिग्वेज ने ग्लोबो न्यूज से कहा, 卐 उनकी पहली दो कोविड-19 रिपोर्ट नेगेटिव आई थी, लेकिन तीसरी रिपोर्ट पॉजिटिव पाई थी।

## जालंधर मे पंजाबी गायक रणजीत बावा के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने की शिकायत दर्ज

**डेली संवाद, जालंधर**

बीते शनिवार को पंजाबी गायक रणजीत बावा ने नया गाना मेरा की क़सूर जारी किया जिसकी शुरुआत ही पत्थर पर दूध चढ़ाने एवं गौ मूत्र के विरोध को लेकर की गयी। जिसके खिलाफ हिंदू संगठनों मे रोष शुरू हो गया है। रविवार देर रात तेज तरार हिंदू नेता व पंजाब युवा भाजपा के मीडिया इंचार्ज एडवोकेट अशोक सरीन हिक्की ने जालंधर शहर के थाना तीन मे करोना वायरस के चलते ट्वीटर एवं इ.मेल के माध्यम से विडियो सबूत देकर शिकायत दर्ज करवाई।



जिसकी कॉपी पंजाब के मुख्यमंत्री, डी.जी.पी, राज्यपाल, गृह मंत्री भारत सरकार, जालंधर पुलिस कमिश्नर को भेजी है। इस विषय पर जानकारी देते अशोक सरीन ने बताया एक तरफ अपनी जान की परवाह किए बिना कोरोना महामारी के मुश्किल समय मे भारत का हर सरकारी कर्मचारी हर भारतवासी को कोरोना के कहर से बचाने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं।

### सिंगर समेत कई लोगों के खिलाफ शिकायत

दूसरी तरफ धार्मिक स्थलों पर जाने मे असमर्थ जनता हिंदू समाज अपने घरों मे बैठकर भगवान से प्राथना कर दुनिया को बचाने की गुहार लगा रहे है, वहीं रणजीत बावा जैसा गायक हिंदू समाज की आस्था को ठेस पहुँचाने वाले गाने जारी कर रहे है। अशोक सरीन ने बताया उन्होंने केवल गायक रणजीत बावा के खिलाफ नहीं गाने के लेखक बीर सिंह, म्यूजिक डायरेक्टर गुरमोह, विडियो डायरेक्टर धीमान प्रोडक्शन एवं बुल्ल 18 कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

## जालंधर सिविल अस्पताल के कोरोना मरीजों वाले आईसोलेशन वार्ड में कजरा मोहब्बत वाला



**डेली संवाद, जालंधर**

जिस वक्त पूरी दुनिया कोरोना मरीजों से दूर भाग रही है, उस वक्त सेहत विभाग पूरी शिद्दत के साथ उनके इलाज में जुटा है। एसे में वार्ड ब्याव की अहमियत सबसे बड़ी है। जालंधर सिविल अस्पताल में ट्रांसजैंडर वार्ड ब्वाय गोपी जो कोरोना मरीजों के वार्ड में न केवल साफ सफाई करता है, बल्कि उनके मनोरंजन का पूरा ख्याल रख रहा है। जालंधर सिविल अस्पताल में मेयर जगदीश राजा के ओएसडी हरप्रीत सिंह वालिया समेत नगर निगम के कई कर्मचारी एडमिट हैं। ऐसे में सुबह जहां उनकी शुरूआत कसरत से होती है, वहीं दिन भर वे गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं, जिससे कोरोना जैसी बीमारी को हराया जा सके।

### कोरोना पीड़ित जालंधर के मेयर के ओएसडी हरप्रीत सिंह वालिया की रिपोर्ट निगेटिव

**डेली संवाद, जालंधर :** जालंधर के मेयर जगदीश राजा के ओएसडी हरप्रीत सिंह वालिया की रिपोर्ट निगेटिव आई है। वे पिछले कई दिनों से सिविल अस्पताल में दाखिल थे। उनकी पहली रिपोर्ट पाजीटिव आई थी, जिससे उन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।










